प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को दी मंजूरी : योजना स देश के एक करोड़ 70 लाख किसानों को मिलेगी मदद।
2. कैबिनेट बैठक में लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन की सफलता पर सर्व सम्मति से पारित किया प्रस्ताव : शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जताया आभार।
3. केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने वाराणसी में 18 जुलाई से शुरू हो रहे युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन की तैयारियों को परखा : कहा– विकसित भारत बनाने के लिए युवाओं का नशा मुक्त होना जरूरी। और
4. कांवड़ यात्रा को देखते हुए गाजियाबाद और मेरठ के स्कूलों में 23 जुलाई तक अवकाश घोषित : डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने सम समेस्टर की परीक्षाएं की स्थगित।

————————

कंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का उद्देश्य फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि

पद्धतियों को बढ़ावा देना, कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना स देश के एक करोड़ 70 लाख किसानों को मदद मिलेगी। योजना के अंतर्गत देश में सौ ज़िलों की पहचान की जाएगी। बाइट.....

*सौ ऐसे जिले जिसमें कृषि पर तीन पैमानों पर वो बाकी सब जिलों से पीछे हो ऐसे सौ जिलों को चयनित करके। उसमें एक फोकस्ड वे में ग्यारह मंत्रालयों के छत्तीस स्कीम इन सब को कन्वर्ज करके एक इंटीग्रेटेड वे में कृषि का विकास करे ये प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य है। बहुत ही महत्वाकांक्षी बहुत महत्वपूर्ण बहुत ही एक गेम चेंजिंग स्कीम ये होने वाली है।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट में प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंजूरी दिए जाने को अभिनंदनीय बताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय उत्पादकता में प्रगति, फसलों में विविधता के साथ ही दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाएगा।

प्रदेश के किसानों में योजना को लेकर खुशी है। चित्रकूट के किसान अजीत सिंह ने इस फैसले के लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाइट.....

*केंद्रीय कैबिनेट द्वारा आज पीएम धन–धान्य योजना को मंजूरी दी गयी है। हम इसके लिए तहेदिल से देश के प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। इससे बुंदेलखंड के किसानों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।*

**कैबिनेट ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनियों पर लागू मौजूदा निवेश दिशा–निर्देशों से एनएलसी इंडिया लिमिटेड–एनएलसीआईएल को विशेष छूट को मंजूरी दे दी है। इस छूट का उद्देश्य वर्ष 2030 तक 10 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करने के एनएलसीआईएल के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करना है।**

————————

**प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन की सफलता पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रस्ताव में कैबिनेट ने इसे गर्व, गौरव और उल्लास का विषय कहा है। बाइट....**

*आईएसएस से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वापसी पर मंत्रिमंडल ने एक बड़ा संकल्प पारित किया है। ये समूचे देश के लिए गर्व, गौरव और उल्लास का अवसर है। ये भारत के स्पेस प्रोग्राम का एक नया अध्याय है। यह अंतरिक्ष में भारत की एक बड़ी उड़ान है एवं हमारे स्पेस प्रोग्राम के भविष्य की स्वर्णिम झलक देता है। मंत्रिमंडल इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के साथ वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता है।*

कैबिनेट के प्रस्ताव पर लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा शुक्ला ने खुशी जताई है। शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने प्रस्ताव पारित किए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाइट....

*हम प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहते हैं उनको धन्यवाद करना चाहते हैं। उन्होंने जो है बच्चे के लिए हमारे जो है आभार व्यक्त किया उनके प्रयास के बिना ये मिशन संभव नहीं था। उनके प्रयास से ही जो है संभव हो पाया।*

————————

केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों की राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने आज वाराणसी में 18 से 20 जुलाई तक होने वाले तीन दिवसीय नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत के लिए युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के लिए युवाओं का नशा मुक्त होना आवश्यक है, इसीलिए काशी में यह ऐतिहासिक कार्यक्रम होने जा रहा है। बाइट....

*युवाओं के लिए नशा मुक्त का प्रोग्राम हमारे मंत्रालय के माध्यम से और जो स्कूल एजुकेशन मंत्रालय है, सोशल जस्टिस है उसके बाद होम मिनिस्ट्री है यह सभी मंत्रालयों के माध्यम से यहां पर हम युवा संवाद रख रहे हैं। जितने भी हमारे ..... संस्थाएं आध्यात्मिक संस्था है उन लोगों को हम यहाँ पर बुलाने वाले हैं उसके माध्यम से हमारा यह प्रयास है कि देश में जो एडिक्शन अभी युवाओं में बढ़ता जा रहा है उसे कम करने के लिए अवेयरनेस*

*प्रोग्राम हमारे आध्यात्मिक संस्थाओं के माध्यम से पूरे देश में ज़्यादा से ज़्यादा चले।*

———————

नीति आयोग द्वारा विकसित राज्य फॉर विकसित भारत 2047' कार्यक्रम के अंतर्गत आज लखनऊ योजना भवन में "विकसित यूपी 2047" विषय पर एक उच्चस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीवीआर सुब्रह्मण्यम् ने की। कार्यशाला में विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के तहत उत्तर प्रदेश के संभावित विकास मार्गों और प्राथमिकताओं पर व्यापक चर्चा की। कार्यशाला में प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह भी शामिल हुए।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नमस्ते दिवस यानी नेशनल एक्शन फॉर मेकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर श्री वर्मा ने बटन दबाकर नमस्ते हेल्प लाइन नंबर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों को उल्लख किया। बाइट....

*स्वच्छ भारत मिशन का एक...ब्रांड देख सकते है उसी का कारण है की आज पूरे देश भर में इन ग्यारह वर्षों में बारह करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाना समय समय पर स्वच्छता अभियान को चलाना। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भाजपा का एक–एक कार्यकर्ता स्वच्छता का मिशन चलाकर और दो अक्टूबर तक की महात्मा गांधी जी की जयंती का अवसर होता है उस समय तक इस अभियान को बड़ा जन अभियान काम करते है।*

————————

भारत–नेपाल सीमा पर कुछ निजी बसों द्वारा जाली परमिट के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर अवैध रूप से संचालन पर प्रदेश सरकार ने सख्ती दिखाई है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि अब तक तीन जनपदों अलीगढ़, बागपत व महराजगंज में स्पष्ट रूप से जाली परमिट की पुष्टि हो चुकी है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराने के साथ दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई को कहा गया है।

————————

प्रदेश में कांवड़ यात्रा को देखते हुए गाजियाबाद और मेरठ में सभी सरकारी और निजी स्कूलों में 23 जुलाई तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। मेरठ के जिलाधिकारी डॉ. विजय कुमार सिंह ने बताया कि स्कूलों को सुरक्षा और शांति व्यवस्था के दृष्टिगत बंद किया गया ह। बाइट....

*बच्चों की सुरक्षा और उनके साथ जो और है उनके पेरेंट्स की सुरक्षा भी हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके दृष्टिगत विगत वर्षों की भांति इस बार सोलह तारीख से लेकर तेईस तक। तेईस को हमारी महाशिवरात्रि है तेईस तक स्कूल और जितने शैक्षणिक संस्था है उन सबको अधियातन सुरक्षा के दृ ष्टिगत शांति व्यवस्था के दृष्टिगत बंद कर दिया गया है।*

कांवड़ यात्रा के चलते विभिन्न जिलों में रूट डायवर्जन और भीड़ को देखते हुए डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने सत्र 2024–25 की सम सेमेस्टर द्वितीय चरण की 23 जुलाई तक की परीक्षाएं स्थागित कर दी हैं। इन परीक्षाओं की नई तारीख जल्द जारी की जाएगो।

————————

प्रदेश में हो रही रुक रुक कर बारिश के चलते कई नदियां उफान पर हैं। बलिया जिले में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मीरजापुर जिले में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रयागराज में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से प्रयागराज के निचले क्षेत्रों में घरों में पानी भर गया है। कोटा बांध से अचानक छोड़े गए पानी के कारण जालौन जिले में यमुना नदी का भी

जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। मौसम विभाग ने कल केलिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कई जगहों पर भारी वर्षा और बिजली गिरने का अनुमान जताया गया है।

(समाप्त)